Publication	Salam Duniya	Date	9-7-2017	Page No.	11
Client Name	Kamdhenu	Edition	Kolkata		

संक्षेप

कामधेनु ने लॉन्च किया 'कामधेनु एनएक्सटी'

कोलकाता : कामधेनु लिमिटेड ने हाई-इंड इंटरलॉकिंग स्टील टीएमटी बार 'कामधेनु एनएक्सटी' लॉन्च किया है। कामधेनु लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने शनिवार को आनंद सरावगी, विशाल सरावगी, मुकेश भारुका की मौजुदगी में ब्रांड को लाँन्च किया। इस मौके पर 400 से अधिक विक्रेता व वितरक उपस्थित थे। लॉन्च के अवसर पर कामधेनु लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा कि व्यापार के लिए कोलकाता की गिनती अच्छे शहरों में होती है। कंपनी कोलकाता में कामधेनु एनएक्सटी को लॉन्च कर गर्व महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, एक्सप्रेस वे तथा फ्लाईओवर पहले से स्टील की महत्ता को दरशा रही है। बंगाल में स्टील की काफी मांग भी है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने उत्पाद की लोकप्रियता व बढ़ती माँग को देखते हुए अगले वर्ष तक अपनी उत्पादन क्षमता 2 लाख मैट्रिक टन तक बढ़ाने की योजना बनायी हैं। उन्होंने कहा कि हमें आशा है कि कामधेनु एनएक्सटी के लिए बिल्डरों से हमें अच्छी प्रतिक्रियाए□मिलेंगी। इस मौके पर अलकनंदा स्पंज एंड आयरन लिमिटेड के निदेशक विशाल सरावगी ने कहा कि हम अपने ग्राहकों के लिए तकनीकी रुप से उन्नत उत्पादन उपलब्ध करायेंगे।